506

बिहार सरकार
शिक्षा विभाग
आदेश

पटना दिनांक.........................

संचिका संख्या–10/व–95/2018.............................बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा मदरसा बोर्ड के विभिन्न बैठकों में निर्णय लेते हुए कुल 23 आजाद मदरसा की उपाधि को बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा समकक्षता प्रदान की गयी, जिसे माननीय लोकायुक्त में परिवाद सं0–01/लोक (शिक्षा)–219/2010 में दिनांक 15.03.2018 को पारित आदेश में उक्त संस्थाओ के प्रमाण पत्रों को राज्य सरकार के अनुमति के बिना दिये गये समकक्षता को गलत ठहराते हुए इस मामले को राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया।

2. एतद् निदेश के आलोक में प्राप्त मामले की समीक्षा की गई एवं आवश्यक परामर्श प्राप्त करते हुए समीक्षोपरान्त निम्न 23 आजाद मदरसों की उपाधि को समकक्षता प्रदान करने के मामले पर विभागीय अनुशंसा प्रदान करने का निर्णय लिया गया :—

I. मदरसा दारूल उलूम, देवबन्द। (यू0पी0)
II. मदरसा मजाहिलिरुल उलूम, सहारनपुर (यू0पी0)
III. मदरसा जामिया कासमियां, शाही मुरादाबाद (यू0पी0)
IV. मदरसा दारूल उलूम, नदवतुल उलूम, लखनऊ (यू0पी0)
V. मदरसा जामिया नाजमा नखास लखनऊ (यू0पी0)
VI. मदरसा जामिया रहमानी, खानकाह, मुंगेर (बिहार)
VII. मदरसा दारूल उलूम, मोजिबिया खानकाह, फुलवारीशरीफ (बिहार)
VIII. मदरसा दारूल उलूम, मउनाथ भंजन, आजमगढ़ (यू0पी0)
IX. मदरसा अर्शफियां, मुबारकपुर (यू0पी0)
X. मदरसा मरकजी दारूल उलूम, बनारस (यू0पी0)
XI. मदरसा रिजविया मनजरूल इस्लाम, सौदागरॉ (यू0पी0)
XII. मदरसा मदरसतूल फलाह, बलरया गंजआजमगढ़ (यू0पी0)
XIII. मदरसा दारूल उलूम लतीफा, कटिहार (बिहार)
XIV. मदरसा जामेउल उलूम, मुजफ्फरपुर (बिहार)
XV. मदरसा जामिया नईमिया, मुरादाबाद (यू0पी0)
XVI. मदरसा मजहरूल इस्लाम बरैली, शरीफ (यू0पी0)
XVII. मदरसा जामिया अरबिया, अशरफिया, नया भोजपुर (बिहार)
XVIII. मदरसा मिफताहुल उलूम, कटरा मऊनाथ भंजन (यू0पी0)
XIX. मदरसा बंगाल मदरसा बोर्ड, (पश्चिम बंगाल)
XX. मदरसा यू0 पी0 मदरसा बोर्ड, (यू0पी0)
XXI. मदरसा फेजूल उलुम, दर्सगाह, नजमिया धतकी डीह, जमशेदपुर (बिहार)
XXII. मदरसा अहमदिया सलफिया, लेहरिया सराय, दरभंगा (बिहार)
XXIII. मदरसा जामिया अशरफ दरगाह, कचौयाशरीफ फैजाबाद (यू0पी0)

3. राज्य सरकार एवं बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रस्वीकृत मदरसों में ही नियुक्ति नामांकन में इन 23 आजाद मदरसों के डिग्री की समकक्षता मान्य होगी।

4. भविष्य में किसी आजाद मदरसा के उपाधि की मान्यता तबतक नहीं दिये ज... किया जायेगा जबतक कि विभाग द्वारा इसकी पूर्वानुमति प्राप्त न कर ली जाय।

5. उक्त मामले पर सामान्य प्रशासन विभाग का परामर्श प्राप्त है।

6. उक्त मामले पर माननीय मंत्री शिक्षा विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश ...

ह0/–

(अरशद फिरोज)

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांकः– 10/व–95/2018........................ पटना, दिनांक..........................

प्रतिलिपि :–अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना–07/ई0 गजट कोषांग, ... विभाग, बिहार, पटना को सी0 डी0 एवं 02 अतिरिक्त प्रतियों के साथ ई0 गजट के अ... असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह0/–

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांकः– 10/व–95/2018........................ पटना, दिनांक..........................

प्रतिलिपि :– महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांकः– 10/व–95/2018........२४५ पटना, दिनांक...12/7/...

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव शिक्षा ... के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक मा0 शि0/उप सचिव शिक्षा विभाग/विशेष निदेशक ... शि0/ उपनिदेशक मा0 शि0/अध्यक्ष/सचिव, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड/... पदाधिकारी –10/आई टी मैनेजर शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के उप सचिव